**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1902**

**दिनांक 06.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**बांग्लादेश के मुद्दे पर भारत का दृष्टिकोण**

**1902. श्री सेल्वाराज वी.:**

**श्री सुब्बारायण के.:**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के दृष्टिकोण में बदलाव को संज्ञान में लिया है क्योंकि वह पाकिस्तान के साथ संबंधों को मजबूत करने और इस वर्ष अगस्त में विद्रोह के कारण अवामी लीग सरकार को अपदस्थ करने के बाद से सरकारी कार्यालयों से बांग्लादेश के संस्थापक राष्ट्रपति शेख मुजीबुर रहमान के चित्रों सहित 1971 के मुक्ति संग्राम के प्रतीकों को हटाने के प्रयासों पर काम कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और बांग्लादेश में हाल के घटनाक्रम पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**

**(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)**

(क) और (ख) भारत और बांग्लादेश के बीच इतिहास, संस्कृति, भाषागत प्रगाढ़ संबंध हैं और दोनों देशों के बीच कई अन्य समानताएँ हैं। भारत के बांग्लादेश के साथ संबंध अपने बलबूते पर हैं और उन पर बांग्लादेश के किन्हीं अन्य देशों के साथ संबंधों से कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंध एक बहुआयामी साझेदारी के रूप में रहे हैं जिससे संवर्धित व्यापार एवं निवेश, बढ़ी हुई कनेक्टिविटी और लोगों के बीच अधिक आदान-प्रदान के माध्यम से दोनों देशों के लोगों को लाभ मिल रहा है। सरकार भारत के राष्ट्रीय हित पर प्रभाव डालने वाले सभी घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रखती है तथा उसकी सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करती है।

*********